FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

<u>प्रेस नोट दिनांक 18-11-2026 थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।</u>

<u>वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में थाना मटसेना पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, 02 अभियुक्त गिरफ्तार।</u>

- **मौके से 12 बने-अधबने तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने के भारी मात्रा में उपकरण बरामद.....**
- **गिरफ्तार अभियुक्तों में अभियुक्त चेतराम के विरुद्ध पूर्व में भी आयुध अधिनियम सहित 06 अभियोग हैं पंजीकृत.....**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 17.11.2026 की रात्रि थाना मटसेना पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम अगरूपुरा में करकौली पौधशाला के पास मिट्टी के टीलों के बीच संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर दबिश दी गई। मौके से अवैध रूप से तमंचे बनाने एवं उनकी मरम्मत करने में संलिप्त 02 अभियुक्तों 1. चेतराम पुत्र भगवानदास एवं 2. सूरज पुत्र मुन्नालाल को भारी मात्रा में बने / अधबने तमंचे एवं अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मटसेना पर मु0अ0सं0 302/2026 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता-</u>

1. चेतराम पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम अगरूकापुरा, थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।
2. सूरज पुत्र मुन्नालाल निवासी मुखिया मंदिर वाली गली, आशाबाद, थाना रसूलपुर, जनपद फिरोजाबाद।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

<u>अवैध शस्त्र एवं कारतूसः-----</u>

1. कुल 12 तमंचे (06 तमंचे 12 बोर एवं 06 तमंचे 315 बोर, बने एवं अधबने)
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 12 बोर।

4. 07 लोहे की नाल 315 बोर।
5. 01 लोहे की नाल 12 बोर।
6. तमंचा बॉडी।

शस्त्र निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्रीः---

1. लोहे की पत्ती एवं हैमर।
2. सड़ांसी एवं हथौड़ी।
3. छैनी एवं सुम्भा।
4. रैती एवं ड्रिल मशीन।
5. लोहे की बांक एवं स्प्रिंग।
6. कील एवं स्क्रू।
7. रेगमाल एवं धौंकनी।
8. आरी एवं आरी ब्लेड।
9. पीतल का तार एवं रांगा पाउडर।
10. लोहे के टुकड़े एवं पेचकस।
11. लकड़ी का कोयला एवं बैठने की पटरी।

अभियुक्त चेतराम का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 006/2024 धारा 366 भादवि, थाना बसई मोहम्मदपुर, फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 151/2016 धारा 380/411 भादवि, थाना लाइनपार, फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 163/2016 धारा 366 भादवि, थाना लाइनपार, फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 190/2016 धारा 25/27 आयुध अधिनियम, थाना लाइनपार, फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 049/2023 धारा 5/25 आयुध अधिनियम, थाना मटसेना, फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 026/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम, थाना मटसेना, फिरोजाबाद।

अभियुक्त सूरज का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 949/2017 धारा 308 भादवि, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 288/2019 धारा 323, 452, 504, 506 भादवि, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी जनपद फिरोजाबाद
2. श्री विमलेश कुमार त्रिपाठी थानाध्यक्ष मटसैना जनपद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 नाजिम थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
4. उ0नि0 दीपक कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
5. है0का0 577 गुलफान खां थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
6. है0का0123 जितेन्द्र सिहं थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद

7. है0का0 1055 अशोक कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
8. है0का0 429 जयनारायण एसओजी टीम फिरोजाबाद
9. है0का0 953 ललित एसओजी टीम फिरोजाबाद
10. है0का0 380 हरवीर एसओजी टीम फिरोजाबाद
11. का0 411 रिंकू कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
12. का0 1540 प्रिंस चौधरी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद
13. का0 920 संदीप एसओजी टीम फिरोजाबाद
14. का0 05 रजत कुमार एसओजी टीम फिरोजाबाद
15. का0 रमाकान्त एसओजी टीम फिरोजाबाद
16. का0 अजीत एसओजी टीम फिरोजाबाद